NCGG में उन्नत नेतृत्व विकास कार्यक्रम का समापन

[स्रोत: पी. आई. बी.]

हाल ही में [राष्ट्रीय सुशासन केंद्र] **(National Centre for Good Governance- NCGG)** ने FIPIC/IORA देशों के सिविल सेवकों के लिये **सार्वजनिक नीति एवं शासन पर उन्नत नेतृत्व विकास** कार्यक्रम का उद्घाटन सत्र आयोजित किया।

- इसमें सेशेल्स, सोमालिया और दक्षिण अफ्रीका सहित 11 देशों के 40 सिविल सेवकों ने भाग लिया, जिससे **वैश्विक शासन सुधार और सार्वजनिक नीति में सहयोग के प्रति भारत की प्रतिबद्धता सुदृढ़** हुई।
- इसमें **भू-राजनीतिक संभावना, साइबर सुरक्षा और सार्वजनिक-निजी भागीदारी** जैसे विषयों पर चर्चा की गई।

राष्ट्रीय सुशासन केंद्र (NCGG):

- यह भारत सरकार के **प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग** के अंतर्गत एक स्वायत्त संस्थान है।
- NCGG **राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण आयोजित करके, शासन-संबंधी अध्ययन, कार्यशालाएँ तथा परामर्श आयोजित करके तथा नागरिक-केंद्रित शासन** पर केंद्रित पहल करके सुशासन को बढ़ावा देता है।
- इसका मुख्यालय **नई दिल्ली** में तथा पंजीकृत कार्यालय मसूरी में है।
- इसकी स्थापना वर्ष 2014 में राष्ट्रीय प्रशासनिक अनुसंधान संस्थान (National Institute of Administrative Research- NIAR) को उन्नत करके की गई थी, जो मसूरी स्थित IAS प्रशिक्षण अकादमी, लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी (Lal Bahadur Shastri National Academy of Administration- LBSNAA) का हिस्सा था।

अधिक पढ़ें: [क्षमता निर्माण कार्यक्रम]

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/ncgg-concludes-advanced-leadership-development-program